**Samyak**
**An Institute For Civil Services**

# RAS - 23 MAINS TEST SERIES

## सिद्धि - 13/A13

**Time : 3 Hours** (Paper - III) **Maximum Marks : 200**

### सामान्य ज्ञान व सामान्य अध्ययन
### General Knowledge & General Studies

| Name : | | MARKS | |
|---|---|---|---|
| Enroll. No.: | Part | Att. Ques. | Marks Obtained |
| Date of Birth : | Unit- I | 13 | 38·75 |
| Medium : Hindi | Unit - II | 13 | 41 |
| E-mail : | Unit - III | 20 | 28·50 |
| Exam Date : 7/01/2024 | Total | 46 | 107·25 |

| Evaluator's Code | Reviewer's Code | Invigilator's Signature | Student's Signature |
|---|---|---|---|
| | | | |

**अनुदेश (Instructions)**

1. परीक्षा शुरू होने से पहले पुस्तिका को जाँच लें।
   Please check the booklet before commencement of the exam.
2. दिये गये रिक्त स्थान में निर्देशित शब्द सीमा में उत्तर दें।
   Write the answers according to the prescribed word limit, in the space given.
3. अंक योजना प्रत्येक खंड के प्रारम्भ में दी गई है।
   The marking scheme is given at the start of every section.
4. परीक्षा के पश्चात् उत्तर पुस्तिका हॉल अधीक्षक को सौंप दें।
   Return the answer booklet to the hall superintendent after completing the paper.
5. अभ्यर्थियों को उत्तर निर्धारित शब्द सीमा से अधिक नहीं लिखना चाहिए, इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जा सकते हैं।
   Candidates should not write more than the prescribed word limit in answers, violating this may result in deduction of marks.
6. अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि किसी भी प्रश्न का उत्तर प्रश्नोत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर ही लिखें। बॉर्डर लाईन से बाहर प्रत्युत्तर नहीं लिखें। बॉर्डर लाईन के बाहर लिखे गये उत्तर को जाँचा नहीं जायेगा।
   Candidates are directed to write answers only in the prescribed space of booklet. They should not write answer outside the border line. Answer written outside the border line will not be checked.

SAMYAK, Near Riddhi Siddhi, Gopalpura Bypass, Jaipur, 9875170111
Test Series Helpline & Whatsapp - 9414988860, Email Id - samyaktestseries@gmail.com

| | REVIEW PARAMETERS | SCALE | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Good | Above Average | Average | Below Average |
| 1. | DOES THE ANSWER ADDRESS THE DEMAND OF THE QUESTION? | | ✓ | | |
| a. | **Answer Relevancy** | ✓ | | | |
| b. | **Answer Enrichment** points like use of: · **Key Terms/** Subject Vocabulary. Use of Commission/ report/ government publication/ judgements, etc. **Association with the Current Affairs** and **use of examples** to explain the concept and idea | ✓ | ✓ | | |
| 2. | HOW WELL IS THE ANSWER PRESENTED? | ✓ | | | |
| a. | **Structure** - Intro, Body, Conclusion | ✓ | | | |
| b. | **Presentation** – Using Subheadings/ points/ highlighting/ flowcharts/ diagrams/ maps | | ✓ | | |
| c. | **Language & Grammar** | | | | |
| d. | Word limit | ✓ | | | |

Detailed Comments / Feedback / Suggestions for Improvement
विस्तृत टिप्पणियाँ/फीडबैक/सुधार के लिए सुझाव :-

1. तथ्य सही लिखे ।
2. प्रस्तुतीकरण प्रभावी हो ।
3. निर्धारित कॉलम उचित प्रारूप के साथ लिखे ।
4. → इन्ट्रो
5. → बॉडी
6. → कन्क्लूजन
7. 
8. महत्व — प्रभाव
9. प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष — सका. नका.
10. प्रयास अच्छा है जारी रखे ।
11. All the Best।

**SAMYAK, Near Riddhi Siddhi, Gopalpura Bypass, Jaipur, 9875170111**
Test Series Helpline & Whatsapp - 9414988860, Email Id - samyaktestseries@gmail.com

## GENERAL STUDIES & GENERAL KNOWLEDGE

(Total 200 Marks)
(Total 48 Question)

Unit – I
(यूनिट – I)

(70 Marks)
(70 अंक)

Part – A
भाग - अ

Marks : 10
अंक : 10

**Note : Attempt all questions. Answer the following questions in 15 words each. Each Question carries 2 marks.**

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।

1. हाल ही में सुर्खियों में रही 'फातिमा बीबी'-
**In the headlines recently, 'Fatima Bibi'.**

$1\frac{1}{2}$

फातिमा बीबी न्यायिक क्षेत्र से जुड़ी हुई। ~~जि~~ जो सर्वोच्च की न्याय की प्रथम महिला मुख्य न्यायाधीश तथा भारत की भी प्रथम मुख्य न्यायाधीश थी। जिनका हाल में निधन हुआ है। ये केरल की रहने वाली हैं।

निधन 23 नवम्बर 2023
NHRC सदस्य
तमिल नाडु राज्यपाल

(Write above this line only)

2. 'पेरिस क्लब' पर टिप्पणी लिखिए-
Write comment on 'Paris Club'.

$\frac{1}{2}$

पेरिस क्लब की स्थापना जलवायु परिवर्तन तथा बदलती हुई राजनैतिक परिस्थिति ~~के~~ में सुधार के उद्देश्य के लिए गठित किया गया है। इसमें यूरोपीय देश तथा USA इत्यादि शामिल हैं।

कर्ज दाता देशों का समूह
स्थापना वर्ष 1956

(Write above this line only)

42-23

3. राजस्थान की वर्तमान विधानसभा में राजनीतिक पार्टीगत स्थितियों को लिखिए-
Write performance/numerical strength of political party in the present assembly of Rajasthan.

(1)
वर्तमान में राजस्थान में निम्न पार्टियाँ हैं :-

राष्ट्रीय लोक दल (1)
बहुजन समाज पार्टी 2

① भारतीय जनता पार्टी (NDA) → 115
② भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी → 69
③ राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी → 1

(Write above this line only)

4. 'स्टेट स्कूल स्टैंडर्ड अथॉरिटी' पर टिप्पणी लिखिए-
Write comment on 'State School Standard Authority'.

(1)
इसका गठन स्कूली शिक्षा में सुधार करने हेतु इस ऑथारिटी का गठन किया गया है। इसमें नई शिक्षा नीति को लागू करने के उद्देश्य से गठित किया है। इसमें अध्यक्ष सहित सदस्य हैं जो स्कूलों में आधुनिक शिक्षा तथा तकनीकी शिक्षा को सुनियोजित ढंग से लागू करने का फ्रेमवर्क तैयार करेगी।

लगभग 30 हजार स्कूलों को जोड़ा जायेगा।

(Write above this line only)

5. 'NeVA' पर टिप्पणी लिखिए-
Write comment on 'NeVA'.

(0)

(Write above this line only)

Part – B
भाग - ब

Marks : 30
अंक : 30

3 1/4

Note : Attempt all questions. Answer the following questions in 50 words each. Each Question carries 5 marks.
नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 50-50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।

1. 7वीं अनुसूची में उल्लेखित सूचियों का नाम लिखते हुए वर्तमान में सूची प्रणाली का महत्त्व बताइये-
While writing the names of the lists mentioned in the 7th Schedule, explain the importance of the list system at present.

7वीं अनुसूची केन्द्र व राज्य की शक्ति के पृथक्करण से संबंधित है इसमें तीन सूचियों में शक्ति का पृथक्करण किया गया है
① संघ सूची :- कानून केन्द्र को बनाने का अधिकार 98 विषय पर
② राज्य सूची :- कानून राज्य को बनाने का अधिकार 66 ③ समवर्ती :- कानून केन्द्र व राज्य दोनों को 52 विषय पर। महत्त्व :- ① संघवाद को बढ़ाती है। ② इससे शक्तियों में टकराव नहीं होता है। ③ प्रशासन पर बोझ कम होता है ④ सुशासन की स्थापना तथा बेहतर कानून बनता है ⑤ इससे कानून को आसानी से लागू किया जा सकता है।

संविधान अनुच्छेद 246
संघ
राज्य
समवर्ती
प्रारूप

(Write above this line only)

3

2. 'डॉक्ट्रिन ऑफ कलरेबल लेजिसलेशन' (छद्म विधायन) को स्पष्ट कीजिए।
Explain the 'Doctrine of Colorable Legislation' (Pseudo legislation).

छद्म विधायन का तात्पर्य विधायिका द्वारा अपनी शक्तियों को कार्यपालिका को सौंपना जो अत्यधिक कार्य से सम्बन्धित है। इसमें विधायिका अत्यधिक कार्यो पर कानून बनाने का प्रत्यायोजन कार्यपालिका को सौपती है। ② इससे कार्यपालिका पर प्रभावी नियंत्रण के रूप में भी देखा जाता है। ③ यह कार्यपालिका पर अंकुश लगाती है ताकि वह अपनी शक्तियों का प्रयोग अनैतिक रूप से न करें। ④ यह प्रशासन पर भी अप्रत्यक्ष रूप से नियंत्रण रखती है तथा प्रशासन को जबावदेही बनाती है। ⑤ प्रशासन को जनोन्मुखी तथा कार्योन्मुखी बनाती है। ⑥ यह कार्यपालिका को जनकल्याणकारी योजना बनाने के लिए प्रेरित करती है।

उच्चतम न्यायालय द्वारा वाद वर्ष 1977 आर एज जोशी बनाम अजित मिल्स लि. वाद
निष्कर्ष ?

(Write above this line only)

(6)

3. वर्तमान में केन्द्रीय निर्वाचन आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों का नाम लिखते हुए राष्ट्रीय दल की मान्यता के लिए आवश्यक शर्तों का उल्लेख करें-

**While writing the names of the national political parties currently recognized by the Central Election Commission, mention the conditions necessary for the recognition of the national party.**

3

तथ्य सही लिखे डायग्राम बनाते

वर्तमान में भारत में छः राजनैतिक दल है जो निम्नलिखित है:- (1) भारतीय जनता पार्टी (2) राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (3) आम आदमी पार्टी (4) बहुजन समाजवादी पार्टी (5) राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (मार्क्सवादी) (6) नेशनल पिपुल पार्टी। शर्तें :- राष्ट्रीय पार्टी के लिए निम्न शर्तें है :- (1) किसी पार्टी ने लोकसभा चुनाव में 6% वोट तथा 2 सीटें जीती हो। (2) किसी पार्टी ने लोकसभा चुनाव में वैध मतों का 8% प्राप्त किया हो। (3) किसी पार्टी ने 3 राज्यों में राज्य पार्टी का दर्जा प्राप्त किया हो तथा 2% मत प्राप्त किया हो। (4) किसी पार्टी ने 4 राज्यों में राज्य पार्टी का दर्जा प्राप्त किया हो

4 6 निष्कर्ष 9

(Write above this line only)

4. राजस्थान उच्च न्यायालय के गठन के ऐतिहासिक घटनाक्रम पर टिप्पणी लिखिए-

**Write comment on the historical developments in the formation of Rajasthan High Court.**

3

good

राजस्थान उच्च न्यायालय की स्थापना के लिए बी.पी. पटेल की अध्यक्षता में समिति घटित कि गई थी कि उच्च न्यायालय की पीठ कहा रखी जाए इस समिति ने जोधपुर में उच्च न्यायालय की पीठ की घोषणा कि तथा जयपुर में खंड पीठ की। 29 Aug 1949 को राजप्रमुख सवाई मानसिंह द्वितीय ने मुख्य न्यायाधीश सहित 11 अन्य न्यायाधीशों को शपथ दिलवाई। राजस्थान के प्रथम मुख्य न्यायाधीश कमल कान्त वर्मा थे। पी. सत्यनारायण राव समिति की सिफारिश पर जयपुर खण्ड पीठ को समाप्त कर दिया कलान्तर में 1977 में वापिस इसकी स्थापना की गई

(Write above this line only)

5. ताइवान की चीन के खिलाफ जबावी हमले के सन्दर्भ में अपनायी जाने वाली 'पॉर्कुपाइन स्ट्रेटजी' को स्पष्ट कीजिए।

**Explain the 'Porcupine Strategy' adopted by Taiwan in the context of retaliatory attack against China.**

3

चीन ताइवान को अपना अभिन्न हिस्सा मानता है तथा "एक चाइना पॉलिसी" को लागू कर रखा है परन्तु ताइवान स्वंय को एक स्वतंत्र तथा संप्रभु राष्ट्र मानता है इसके लिए इसने "पॉर्कुपाइन स्ट्रेटजी" अपनाई है जो निम्नलिखित है :- (1) चीन के विरोधी देशों के साथ स्वतंत्र तथा राजनैतिक संबंध स्थापित करना। (2) स्वंय के उद्योगों तथा व्यापार को बढ़ाने के लिए अन्य राष्ट्रों के साथ व्यापारिक समझौते करना। (3) सैन्य शक्ति को बढ़ाने के लिए युद्धाभ्यास में शामिल होना। (4) चीन की अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आलोचना करना। (5) चीन की आक्रमक नीति के जबाव के लिए हथियार खरीदना।

उचित डाय ग्राम तथा मैप बनाये। वर्ष 2008 में विलियम एण्ड मेरे प्रस्ताव

(Write above this line only)

6. मतदान व्यवहार की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए इसे प्रभावित करने वाले कारकों का नाम लिखिए।

**Explaining the concept of voting behaviour, name the factors affecting it.**

$3\frac{1}{2}$

मतदान व्यवहार :- वह व्यवहार जो बताता है कि राष्ट्र की जनता किन कारकों से किसी राजनैतिक दल को मत देती है। मतदान व्यवहार में जनता के विचारों का अध्ययन किया जाता है। कारक

(1) वैचारिक :- लोग व्यक्तित्व तथा किसी राजनैतिक दल की सोच के कारण मत देते हैं। (2) धर्म :- धर्म राजनैतिक मत तथा मत व्यवहार को प्रभावित करता है। (3) जाति (4) साम्प्रदाय (6) क्षेत्रीयता (7) भाषा (8) व्यक्तित्व (9) नीति राजनैतिक दलों की (10) व्यक्तित्व (11) आर्थिक :- आय, गरीबी, बेरोजगारी (12) सामाजिक :- असमानता अन्याय (13) राजनैतिक (14) राष्ट्रवाद (15) अन्तर्राष्ट्रीय नीति इत्यादि मतदान के व्यवहार को प्रभावित करती हैं।

good

कारक — अल्पकालिक तथा दीर्घकालिक

(Write above this line only)

**Samyak**
An Institute For Civil Services

(8)

Marks : 30
अंक : 30

## Part – C
## भाग – स

5½

**Note : Attempt all questions. Answer the following questions in 100 words each. Each Question carries 10 marks.**
नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 100-100 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 10 अंक निर्धारित हैं।

1. 'वन नेशन वन इलेक्शन' की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए इसके पक्ष और विपक्ष में तर्क दीजिए-
**Explain the concept of 'One Nation One Election' and give arguments in its favor and against.**

"वन नेशन वन इलेक्शन" की अवधारणा के तहत किसी राष्ट्र में तथा उसके राज्यों में एक निश्चित समय एक साथ चुनाव करना। अर्थात भारत के संदर्भ में लोकसभा तथा राज्यसभा के राज्य विधानसभा के चुनाव एक निश्चित दिन तथा महिने में एक साथ संपन्न करवाना। इस अवधारणा के दो पहलू हैं जो इसको लागू करने के पक्ष तथा विपक्ष में हैं।

(i) पक्ष :- • इस योजना से राज्यों तथा केन्द्र में होने वाला चुनाव का अनावश्यक खर्चा रुकेगा • इससे प्रशासन में समय की बचत होगी • इससे राष्ट्र की आर्थिक गतिविधियों को सतत बढ़ावा मिलेगा • चुनाव में धांधली कम होगी। • जनमत का समय बचेगा तथा लोगों की प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि होगी • अनैतिक धन की राजनैतिक दलों में फंडिंग रुकेगी।

(ii) विपक्ष :- • भारत की अत्यधिक जनसंख्या के कारण इसको लागू करना कठिन काम है • जनमत में जागरुकता की कमी तथा अशिक्षा के कारण लोगों में चुनाव के प्रति अविश्वास उत्पन्न होना • संसाधनों की कमी होना • तकनीकी ज्ञान न होने से अनैतिक गतिविधियां जैसे :- EVM हैक, अनैतिक वोट डलवाना की घटनाएं • राजनैतिक दलों की स्थिति राज्यों में समान न होने से क्षेत्रीय अखण्डता को चुनौती मिलती है

(Examiner's margin notes: अर्थ व अवधारणा शॉर्ट में ? पक्ष तर्क — पक्ष व विपक्ष स्पष्ट तथा बिन्दुवार ? विपक्ष अनु. 83(2) व 172 उल्लेख भंग 5 वर्ष-पूर्व संविधान उल्लंघन — निष्कर्ष)

**Samyak**
An Institute For Civil Services



2. निम्न पर टिप्पणी लिखिए-
   1. नागरिक समाज की लोकतंत्र में भूमिका/Role of civil society in democracy
   2. राष्ट्रपति की पॉकेट वीटो शक्ति/Pocket veto power of the President

3

① नागरिक समाज की लोकतंत्र में भूमिका :- नागरिक समाज जिसे संगठन, सामुदायिक सभा के नाम से भी जाना जाता है यह लोगो में जागरूकता तथा लोकतंत्र की विशेषताओं को लोगों तक पहुंचाते हैं। इनकी भूमिका :- ① ये राजनैतिक दलों पर दबाव द्वारा अनैतिक कृत्यों को रोकना तथा समाज के लिए कार्य करने की नीति बनाने का दबाव डालते हैं। ② लोगों को धरने द्वारा शान्तिपूर्वक अधिकारों की मांग के लिए जागरूक करते हैं। ③ अनैतिक व्यापार, नीति, कृत्य की आलोचना करते हैं। ④ समाज के हितों को उठाते हैं तथा उचित प्रतिनिधित्व की मांग द्वारा समाज की मुख्यधारा में जोड़ते हैं। ⑤ संसाधनों का विकेन्द्रीकरण का समर्थन करते हैं तथा स्वतन्त्रता, समानता को सुनिश्चित करते हैं।

भूमिका — प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष
महत्व स्पष्ट तथा क्रमशः तथा बिंदुवार?
निष्कर्ष?

2½

② राष्ट्रपति की पॉकेट वीटो शक्ति :- राष्ट्रपति की यह शक्ति किसी विधेयक को न तो अनुमति देती है, न रद्द करती है, न ही पुनर्विचार हेतु संसद को भेजती है। यह शक्ति अनिश्चितकाल के लिए विधेयक को रोक लेती है। इसे निलंबनकारी वीटो भी कहते हैं। इस शक्ति को प्रयोग अभी तक राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह द्वारा डाक संशोधन विधेयक के लिए किया गया है।

good

(Write above this line only)

(10)

3. वर्तमान में बदलते वैश्विक परिदृश्य के कारण भू-राजनीति में भारत के समक्ष उत्पन्न दुविधाओं को उल्लेखित करते हुए इसके समाधान के सन्दर्भ में अपने सुझाव प्रस्तुत कीजिए-
**Mentioning the dilemmas faced by India in geopolitics due to the changing global scenario, present your suggestions regarding its solution.**

5

भारत के समक्ष दुविधा:- ① रूस-यूक्रेन संकट ② इजराइल-फीलिस्तीन विवाद ③ मालदीव संकट ④ वैश्विक खाद्य आपूर्ति सुनिश्चित करना ⑤ आतंकवादी गतिविधियाँ ⑥ सीमा सुरक्षा ⑦ चीन की आक्रमक नीति ⑧ जलवायु परिवर्तन ⑨ तेल आपूर्ति ⑩ मानवाधिकार संकट ⑪ खालिस्तानी गतिविधियाँ ⑫ देश में अलगाववादी समूह व नक्सलवादी घटनाएं इत्यादि।

सुझाव:- ① भारत को राष्ट्र हित के बारे में सोचकर निर्णय लेना चाहिए तथा वैश्विक परिदृश्य के अनुसार नागरिक हितों को लेकर विदेश नीति बनानी चाहिए। ② कूटनीतिज्ञ तथा रणनीतिक वार्तालाप द्वारा वैश्विक मुद्दों को हल करने में मध्यस्थता करनी चाहिए। ③ खाद्य आपूर्ति तथा तेल ऊर्जा संसाधनों की आपूर्ति को बनाए रखने तथा राष्ट्रों के हितों को बनाए रखने के लिए दक्षिण-पूर्वी एशिया का नेतृत्व करना चाहिए ④ संयुक्त राष्ट्र में आतंकवाद मानवाधिकार संकट की खुली आलोचना करनी चाहिए। ⑤ अपनी सैन्य शक्ति बढ़ानी चाहिए ⑥ "वसुधैव कुटुम्बकम्" की अवधारणा को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर तक प्रचार-प्रसार करना चाहिए।

भू राजनीति अर्थ ? अवधारणा दुविधा — प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष सुझाव अफगानिस्तान तथा तालिबान ? निष्कर्ष ?

(Write between the lines only)

Unit – II (70 Marks)
(यूनिट – II) (70 अंक)

Part – A (10 Marks)
भाग - अ (10 अंक)

Note : Attempt all questions. Answer the following questions in 15 words each. Each Question carries 2 marks.

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।

1. स्वतंत्र भारत में उदारीकरण से पूर्व प्रशासनिक सुधारों के उद्देश्य से गठित की गई प्रमुख समितियों को नामोल्लेखित कीजिए-

Name the major committees formed for the purpose of administrative reforms before liberalization in independent India.

1½

① ली समिति ③ प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग ② होतासमिति (1966) ④ लोकायुक्त तथा उपलोकयुक्त अधिनियम (1973) ⑧ पंचायती राज संस्थानो की ~~संर~~ स्थापना (1989) ⑥ संथानम समिति द्वारा CVC की स्थापना। ⑦ गोरखवाला समिति इत्यादि।

सरकारिया आयोग 1983

(Write above this line only)

2. 'मैकिंसे का '7S' मॉडल' पर टिप्पणी लिखिए-

Write comment on 'McKinsey's '7S' Model'.

0

(Write above this line only)

1½

3. मात्रा की दृष्टि के आधार पर प्रत्यायोजन के प्रकारों को लिखिए-
**Write the types of delegation on the basis of quantity:**

① स्थायी प्रत्यायोजन व अस्थायी प्रत्यायोजन
② पूर्ण प्रत्यायोजन व आंशिक प्रत्यायोजन
③ लिखित प्रत्यायोजन व मौखिक प्रत्यायोजन
④ औपचारिक प्रत्यायोजन व अनौपचारिक प्रत्यायोजन

(Write above this line only)

1½

4. लोक प्रशासन में सामान्य स्टाफ/कर्मचारियों के किन्हीं चार गुणों का उल्लेख कीजिए-
**Mention any four qualities of general staff/employees in public administration.**

① नीतियों का क्रियान्वयन तथा नीति निर्माण करना
② उत्तरदायित्व की भावना का होना।
③ जनोन्मुखी तथा उद्देश्योन्मुखी होना।
④ समन्वयन का गुण तथा कर्त्तव्यनिष्ठा का गुण होना।

good

(Write above this line only)

1½

5. लोकायुक्त के द्वारा किसी शिकायत को स्व-विवेकाधारित खारिज किए जाने के आधारों को लिखिए-
**Write the grounds for dismissing a complaint by the Lokayukta as per its discretion.**

① उसके कार्य क्षेत्र में न आने वाले कार्य
② 5 वर्ष से पुराने मामले।
③ गलत तथा भ्रामक सूचना।
④ राष्ट्र की एकता व अखण्डता के मामले।
⑤ निजी कर्मचारियों तथा राज्य से अलाभ प्राप्त कम्पनियाँ।

तुच्छ या विश्वास योग्य नहीं होने पर

(Write above this line only)

## Part – B
## भाग - ब

(30 Marks)
(30 अंक)

**Note : Attempt all questions. Answer the following questions in 50 words each. Each Question carries 5 marks.**

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 50-50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।

1. पदसोपान या सोपानक्रम की प्रमुख विशेषताओं/लक्षणों को उल्लेखित कीजिए-
**Mention the main characteristics of hierarchy.**

2½

पदसोपान :- उच्च से किसी संगठन में उच्चस्थ से लेकर निम्न स्तर तक पदों की व्यवस्था तथा उनके उत्तरदायित्व निश्चित होते हैं वह पदसोपान है। विशेषता :—

विशेषता
- नियंत्रण का क्षेत्र
- पिरामिडीय व्यवस्था
- विकेन्द्रीकरण
- निश्चित कर्त्तव्य
- आदेश की एकता
- संगठन के उद्देश्य प्राप्ति में सहायक
- प्रत्यायोजन का सिद्धान्त
- जबावदेहिता
- उच्चस्थ- अधीनस्थ संबंध

(Write above this line only)

2. आदेश की एकता के तात्पर्य को स्पष्ट करते हुए प्रशासन में 'आदेश की एकता' के महत्त्व को उल्लेखित कीजिए।
**Explaining the meaning of unity of command, mention the importance of 'Unity of command' in administration.**

2½

आदेश की एकता :- किसी संगठन में अधीनस्थ कर्मचारि को अपने निकट से उच्चस्थ कर्मचारि से ही निर्देश प्राप्त होना अर्थात एक कर्मचारी को एक अधिकारी से ही आदेश प्राप्त होना।

महत्त्व
1. पारदर्शिता, जबावदेहिता, कार्यकुशलता का समावेश
2. प्रशासन में प्रभावी नियंत्रण
3. जनोन्मुखी तथा समयोन्मुखी प्रशासन
4. उत्तरदायित्व का विकास
5. कार्योन्मुखी प्रशासन
6. उच्चस्थ व अधीनस्थ सौहार्द संबंध

निष्कर्ष : प्रशासन जनकल्याण गतिविधियाँ सुचारू रूप से कर पाता है।

(Write above this line only)

> डायग्राम तथा मैप बनाये।
> ?
> निष्कर्ष ?
>
> महत्त्व
> ।
> प्रत्यक्ष
> अप्रत्यक्ष
> ?
> निष्कर्ष ?

3. "प्रशासनिक नैतिकता हेतु आचार संहिता आवश्यक होती है।" स्पष्ट कीजिए-
"A Code of Conduct is necessary for administrative ethics." Explain.

2½

प्रशासनिक नैतिकता हेतु आचार संहिता आवश्यक होती है क्योंकि अगर प्रशासन में आचार संहिता न हो प्रशासन में लालफीताशाही तथा भ्रष्टाचार व भाई-भतीजावाद बढ़ेगा ② प्रशासनिक-राजनैतिक गठजोड़ बढ़ेगा। ③ प्रशासन में तटस्थता सत्यनिष्ठा तथा जबावदेहिता का विकास न होने से निरंकुश प्रशासनिक गतिविधियाँ हो जाएगी जो समाज में अनैतिक गतिविधियों को बढ़ावा देती है ④ जनता में विश्वास कम होगा। ⑤ आर्थिक विकास रुक जायेगा तथा संसाधनों का केन्द्रीकरण होने से समाज में असमानता, गरीबी, कुपोषण बढ़ेगा।

प्रशासनिक नैतिकता तथा आचार संहिता अर्थ व अवधारणा समांतर क्रम ६ निष्कर्ष

(Write above this line only)

4. राजस्थान सुनवाई का अधिकार अधिनियम 2012 के तहत लोक सुनवाई की प्रक्रिया/प्रणाली को लिखिए-
Write the process/system of public hearing under Rajasthan Right to Hearing Act 2012.

3

यह अधिनियम सितम्बर 2012 को लागू हुआ था। इसमें नागरिकों को सुनवाई के लिए लोक सुनवाई अधिकारी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करना पड़ता है। ② लोक सुनवाई अधिकारी आवेदक को सुनवाई की निश्चित दिनांक, स्थान लिखकर देता है। ③ अगर आवेदक को सुनवाई निश्चित समय में प्राप्त न होती है तो वह प्रथम अपील सुनवाई अधिकारी के समक्ष 30 दिन में अपील कर सकता है। ④ लोक सुनवाई अधिकारी 30 दिन में सुनवाई न करता है। या आवेदन रद्द करता है तो आवेदन रद्द का कारण तथा अपील अधिकारी का उल्लेख करेगा। ⑤ प्रथम अपील अधिकारी द्वारा 30 दिन में सुनवाई न करने पर द्वितीय अपील अधिकारी को 60 दिन अपील।

प्रथम स्तर द्वितीय तथा तृतीय स्तर ६ निष्कर्ष ?

(Write above this line only)

(15)

5. सामान्यज्ञ बनाम विशेषज्ञ के मध्य विवाद समाधान के लिए 'प्रशासनिक सुधार आयोग' द्वारा प्रदान की गई सिफारिशों को उल्लेखित कीजिए-

**Mention the recommendations given by the 'Administrative Reforms Commission' to resolve the dispute between generalists and specialists.**

3

प्रशासनिक सुधार आयोग :- ① सामान्य तथा विशेषज्ञ का कार्यस्थल एक स्थान पर हो। ② विशेषज्ञ को भी सामान्यज्ञ कार्यालय में लगाया जाए तथा सामान्य को विशेषज्ञ कार्यालय में। ③ सामान्य तथा विशेषज्ञ को एक समान सेवा के लिए समान वेतन दिया जाए। ④ दोनों को एक समान प्रशिक्षण दिया जाए तथा प्रशिक्षण एक स्थान पर ही करवाया जाए। ⑧ विशेष संगोष्ठियों का आयोजन करवाया जाए ⑥ विशेषज्ञ तथा सामान्यज्ञ को एक- दूसरा का समय-समय पर अधीनस्थ तथा उच्चस्थ संबंध बनाया जाए।

अर्थ?
सिफा.
प्रत्यक्ष
अप्रत्यक्ष
निष्कर्ष ?

(Write above this line only)


6. निगमित अभिशासन की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए इसकी प्रमुख विशेषताओं को उल्लेखित कीजिए-

**Explaining the concept of corporate governance, mention its main features.**

3

निगमित अभिशासन :- निगमित संस्थानों में नैतिक व्यापार, संस्थाओं के कर्मचारियों के हितों की रक्षा हेतु नैतिक आचार संहिता का निर्माण करना। निगमित संस्थानों को सरकारी संस्थानों जैसे क जनकल्याण कारी कार्यों हेतु प्रोत्साहित करना। आधारभूत निजी संस्थानों में विश्वास

good




(Write above this line only)

Part – C
भाग - स

Marks : 30
अंक : 30

Note : Attempt all questions. Answer the following questions in 100 words each. Each Question carries 10 marks.

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 100-100 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 10 अंक निर्धारित हैं।

1. राज्य के प्रशासनिक ढाँचे में संभागीय आयुक्त की भूमिका पर टिप्पणी लिखिए-
Write a note on the role of Divisional Commissioner in the administrative structure of the state.

संभागीय आयुक्त जिलों तथा राज्यप्रशासन के मध्य समन्वय का कार्य करता है तथा इसकी विभिन्न रूपों में भूमिका निम्नलिखित हैं :- ① प्रशासनिक अधिकारी :- • कलेक्टरो तथा जिलों के विभिन्न विभागों में समन्वयन करना • मुख्य सचिव तथा कलेक्टरों के मध्य समन्वयन • संभागों में कानूनो व्यवस्था बनाए रखना • अधीनस्थों पर नियन्त्रण रखना • स्थानान्तरण करना ② राजस्व अधिकारी :- जिलों में राजस्व ग्रहण की सूची सचिवालय भेजना • भू- अभिलेख रिपोर्ट प्राप्त करना • राजस्व संग्रहण रिपोर्ट लेना • कलेक्टरो पर राजस्व संग्रह के लिए नियंत्रण व प्रेक्षण पर्यवेक्षण ③ विकास अधिकारी • जिलों में विकास की योजनाएं लागू करवाना व पर्यवेक्षण करना। • आधारभूत संरचना निर्माण की पर्यवेक्षण करना ④ जनगणना अधिकारी के रूप में जिलों में जनगणना रिपोर्ट बनाना, प्रेषित करना ⑤ निर्वाचन अधिकारी के रूप में मतदाता सूची बनवाना मतदाता जागरूकता कार्यक्रम क्रियान्वयन, निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्तियां करना। ⑥ संभागों में विशेष कार्यक्रमों की अध्यक्षता करना उनका पर्यवेक्षण करना। निष्कर्ष अतः संभागीय आयुक्त विभिन्न रूपों में समन्वय व नियंत्रण का कार्य सुनिश्चित करता है।

(Write above this line only)

[Margin notes in red: 6; संभागीय आयुक्त पद 1962 समाप्त 1987 में पुनः प्रारंभ; भूमिका – प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष; 6; निष्कर्ष ?]

**Samyak**
An Institute For Civil Services

6



2. प्रशासनिक संस्कृति की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए तथा इसकी प्रमुख विशेषताओं को उल्लेखित कीजिए-
Explain the concept of administrative culture and mention its main characteristics.

प्रशासनिक संस्कृति :- प्रशासनिक संस्कृति का तात्पर्य प्रशासन की संरचना, इसके उद्देश्य, नियम, आचार संहिता, कार्यो का वर्णन का अध्ययन किया जाता है। इसमें प्रशासन की ऐतिहासिक संरचना से लेकर आधुनिक संरचना का अध्ययन शामिल होता है। विशेषता :-

① संगठन :- प्रशासन का एक निश्चित संगठन होता है तथा संगठन के भाग होते हैं उनके उत्तरदायित्व, कर्त्तव्य निश्चित होते हैं। ② संगठन के उद्देश्य :- संगठन को किसी निश्चित उद्देश्य की पूर्ति हेतु घटित किया जाता है। ③ नीति क्रियान्वयन तथा नीति निर्माण :- प्रशासनिक संस्कृति विभिन्न लोगों के लिए नीति का निर्माण करती है तथा इसका क्रियान्वयन करती है। ④ जनोन्मुखी :- यह जनकल्याण हेतु कार्य करती है। ⑤ निश्चित वेतन :- इसके कार्यो के अनुसार तथा पद के अनुसार निश्चित वेतन होता है। ⑥ स्थायी प्रकृति :- प्रशासनिक संस्कृति स्थायी प्रकृति की होती है ⑦ नियमों की प्रधानता यह संविधान के उद्देश्यो को प्राप्त करने तथा नियमों की अनुसार कार्यो का सम्पादन करती है। ⑧ इसमें उच्चस्थ अधीनस्थ संबंध पाए जाते हैं। ⑨ इसमें पदसोपान आदेश की एकता, नियंत्रण का क्षेत्र, प्रत्यायोजन की विशेषता समाहित होती है।

good

Write above this line only

3. निम्न पर टिप्पणी लिखिए-


Write a comment on the following.

1. विकास प्रशासन का महत्व/Importance of development administration

2. लोकप्रशासन पर संसदीय नियंत्रण की सीमाएँ /Limitations of parliamentary control over public administration

3

विकास प्रशासन का महत्त्व :—




2½

② ① संसद में सांसदों में विशेषज्ञता का अभाव प्रभावी नियंत्रण में रुकावट डालता है। ② विपक्ष का मजबूत न होना प्रशासन की तानाशाही बढ़ाता है। ③ गिलोटिन का बढ़ता प्रभाव आलोचना का सशक्त माध्यम कम करता है। ④ संसदीय समितियों के राजनैतिक न्युक्ति प्रशासन के में जबावदेहिता कमजोर करती है। ⑤ प्रस्तावों का प्रयोग कम होना प्रशासन पर नियंत्रण कमजोर करता है।

सीमायें स्पष्ट क्रमशः थी विन्दुवार ↳ निष्कर्ष ?

(Write above this line only)

(Unit – III) (Section – A)
(यूनिट – III) (सेक्शन – A)

Part – A | Marks : 10
भाग - अ | अंक : 10

**Note : Attempt all questions. Answer the following questions in 15 words each. Each Question carries 2 marks.**

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।

1. हठयोग में शुद्धिकरण अभ्यास के लिए आवश्यक षटकर्मों/क्रियाओं को नामोल्लेखित कीजिए-
**Name the six postures (Shatkarmas) necessary for purification practice in Hatha Yoga-**

① नेति ⑤ कपाल भांति
② धोति ⑥ भ्रामरी बस्ति
③ त्राटक
④ नौलि

2

(Write above this line only)

2. 19वें एशियाई खेलों में भारतीय महिला कबड्डी टीम में शामिल राज्य की चार खिलाड़ियों को नामोल्लेखित कीजिए-
Name four players from the state included in the Indian women's Kabaddi team in the 19th Asian Games-

0

(Write above this line only)

**Samyak**
An Institute For Civil Services



3. 'खेलो इंडिया पैरा गेम्स-2023' पर टिप्पणी लिखिए-
**Write comment on 'Khelo India Para Games-2023'-**

(1) आयोजन 10 दिसंबर – 17 दिसंबर 2023

खेलो इंडिया पैरा गेम्स – 2023 का आयोजन दिल्ली में हुआ। इसमें विभिन्न खेलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसमें हरियाणा प्रथम, महाराष्ट्र द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

एथलीट 1400 से अधिक

(Write above this line only)

4. 'मिशन ओलम्पिक खेल'
**'Mission Olympic Games'.**

(1) मिशन ओलम्पिक खेल भारत सरकार की योजना है जिसमें पेरिस ओलम्पिक 2024 के लिए। नीतियाँ बनाई गई हैं ताकि अधिक से अधिक पद प्राप्त किया जाए। इसमें खिलाड़ियों को आधारभूत सुविधा प्रशिक्षण का प्रावधान शामिल है।

अनावश्यक नहीं

(Write above this line only)

5. प्राणायाम के प्रकारों को नामोल्लेखित कीजिए-
**Name the types of Pranayama.**

($1\frac{1}{2}$)

(1) सीत्कारी
(2) शीतली
(3) भस्त्रिका
(4) आसन
(5) कपालभाति
(6) मूर्छा प्राणायाम

प्राण + आयाम

(Write above this line only)

**Samyak**
An Institute For Civil Services



Part – B
भाग - ब

Marks : 10
अंक : 10

Note : Attempt all questions. Answer the following questions in 50 words each. Each Question carries 5 marks.

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 50-50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।

1. अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रतीक चिन्ह में निहित संदेशों का वर्णन करें-
Describe the messages contained in the symbol of International Yoga Day.

2

① अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रतीक चिन्ह में सूर्य नमस्कारों का वर्णन किया गया है। ② इस इसमें योग के प्रकारों से मनुष्य के शारीरिक व मानसिक वृद्धि का संदेश देता है। ③ इससे शारीरिक विकास के साथ-साथ यह कार्यक्षमता में वृद्धि का संदेश देता है। ④ आन्तरिक शान्ति का संदेश ⑤ आत्मा का परमात्मा से मिलने का संदेश ⑥ कर्मों में कुशलता योग से प्राप्त होती है संदेश देता है।

हाथ जोड़ना मन मनुष्य और प्रकृति समरसता निष्कर्ष ?

(Write above this line only)

2. प्राथमिक उपचार की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए इसका महत्व उल्लेखित कीजिए-
Explain the concept of first aid and mention its importance.

2½

प्राथमिक उपचार :- घटनास्थल पर उपस्थित सीमित चिकित्सक संसाधनों के माध्यम से किसी अप्रशिक्षित व्यक्ति द्वारा उपचार करना।

महत्व :- ① घायल को तुरंत इलाज ② चोट को बढ़ने से रोकना। ③ तुरंत चिकित्सकीय सहायता प्राप्त होना। ④ मानसिक व शारीरिक चोट लगने से रोकना। ⑤ इससे रोगी को तुरंत आराम मिलता है।

अर्थ ? अवधारणा महत्व प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष उपयोगिता

निष्कर्ष ?

(Write above this line only)

(Unit – III) (Section – B)

(यूनिट – III) (सेक्शन – B)

Part – A                Marks : 10

भाग - अ                अंक : 10

**Note :** Attempt all questions. Answer the following questions in 15 words each. Each Question carries 2 marks.

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।

1. 'मिनेसोटा बहुपक्षीय व्यक्तित्व सूची' पर टिप्पणी लिखिए-
Write comment on 'Minnesota Multifaceted Personality List'.

1½

यह प्रक्षेपी तकनीकी पर आधारित प्रणाली हैं इसमें व्यक्तित्त्व मापन के लिए 867 शब्दों का प्रयोग किया जाता हैं जिसके आधार पर व्यक्ति कहानी या सूचना देता हैं। यह अचेतन मन की जानकारी प्राप्त हेतु आवश्यक प्रणाली हैं

10 उप मापनी विभाजन

(Write above this line only)

2. 'अधिगम अंतरण' की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए-
Explain the concept of 'learning transfer'.

1

अधिगम का अंतरण अर्थात ~~वस~~ व्यक्ति के द्वारा अधिगम शैली का प्रयोग करके अधिगम को ग्रहण करना तथा उसका निश्चित उद्देश्य हेतु प्रयोग करना।

नए अधिगम पर पूर्व अधिगम प्रभाव।

(Write above this line only)

3. फ्रीडमेन-रोजेनमैन द्वारा प्रतिपादित व्यक्तित्व वर्गीकरण के 'टाइप-डी' व्यक्तित्व की प्रमुख विशेषताओं को उल्लेखित कीजिए-

**Mention the main characteristics of 'Type-D' personality of the personality classification propounded by Friedman-Rozenman.**

$1\frac{1}{2}$

यह व्यक्ति गुस्सैल प्रकृति के होते हैं। इनमें अविश्वास, चिड़चिड़ापन, धैर्य की कमी होती है। यह डिप्रेशन के प्रति संवेदनशील होते हैं तथा इसे हराने के लिए अलग-2 तकनीकों का प्रयोग करते हैं।

नकारात्मक संवेग तनाव पूर्ण स्थिति से निपटना।

(Write above this line only)

4. 'प्रतिबल' के कारण मानव शरीर पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों को उल्लेखित कीजिए।

Mention the negative effects on the human body due to 'stress'.

1

1. इससे शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य कमजोर होता है।
2. तनाव उत्पन्न होने से बुद्धि का नाश होता है।
3. नकारात्मक भावों का बढ़ना आत्महत्या जैसे।

निर्णयन क्षमता कमी।

(Write above this line only)

5. 'संवेदी स्मृति' टिप्पणी लिखिए-

**Write a note on 'Sensory Memory'.**

1

संवेदी स्मृति की क्षमता 1 sec से कम होती है व्यक्ति ध्वन्यात्मक या सांकेतिक रूप से इसे ग्रहण करता है। कुछ देर के लिए स्थायी होती है। अवधान द्वारा दीर्घ स्मृति में स्थानान्तरण।

संवेदी रजिस्टर

(Write above this line only)

Part – B

भाग - ब

Marks : 10

अंक : 10

**Note : Attempt all questions. Answer the following questions in 50 words each. Each Question carries 5 marks.**

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 50-50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।

1. स्मृति सुधार/वृद्धि में सहायक 'स्मृति सहायक संकेतक अथवा युक्तियों' पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए-
**Write a short note on 'Memory Aid Indicators or Tips' which help in improving/enhancing memory.**

1

(1) खण्डशः : विधि
(2) कूट संकेतन द्वारा
(3) प्रथम शब्द याद करना
(4) बोलकर व लिखकर याद करना।
(5) देखकर, प्रेक्ष प्रक्षेप कर याद करना।

सीखने की इच्छा रुचि तथा अवधान

दोहरान तथा अभ्यास।

निष्कर्ष ?

(Write above this line only)

2. गोलमैन के अनुसार सांवेगिक बुद्धि को परिभाषित करते हुए सांवेगिक क्षमताओं के समूहों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए-
**According to Goleman, while defining emotional intelligence, write a short note on the groups of emotional abilities:**

1½

सांवेगिक बुद्धि :- व्यक्ति द्वारा दुसरे के भावनात्मक विचारो को समझना तथा सामंजस्य स्थापित करना।

(1) आत्मविश्वास (0) आत्मचिन्तन
(2) आत्मचेतना
(3) सामाजिक कौशल
(4) कार्यकुशलता

आत्म अवगत
आत्म प्रबंधन
सामाजिक चेतना

निष्कर्ष ?

(Write above this line only)

(Unit – III) (Section – C)

(यूनिट – III) (सेक्शन – C)

Part – A

भाग - अ

Marks : 10

अंक : 10

**Note : Attempt all questions. Answer the following questions in 15 words each. Each Question carries 2 marks.**

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।

1. 'अमूर्त कब्जा' टिप्पणी लिखिए/परिभाषित कीजिए-
Write comment on/define 'intangible possession'.

1/2

यह अवैधानिक कब्जा जैसे बौद्धिक सम्पदा अधिकार।

ट्रेडमार्क
कॉपी
राइट
पेटेंट

(Write above this line only)

2. 'विधि की भूल'-
'Error of law'-

1/2

विधि द्वारा प्रदत्त कानूनों की अनजाने मे उल्लंघन करना।

विधि की
अनविज्ञता
क्षम्य
नहीं
है।

(Write above this line only)

**Samyak**
An Institute For Civil Services



3. राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम-1956 में उल्लेखित 'खतौनी' शब्द को स्पष्ट करे-
**Explain the word 'Khatauni' mentioned in Rajasthan Land Revenue Act-1956.**

1 यह एक रजिस्टार होता है जिसमे भूमि से सम्बन्धित लगान कर, सिंचाई कर, आबादी कर आदि का उल्लेख होता है।

(Write above this line only)

4. 'खुदकाश्त अभिधारी'-
'Khudakasht Abhidhari'.

1 वह अधिकारी जो भू राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के बाद भूमि की काश्त करता है तथा इस अधिनियम के द्वारा लागू उसपर देय भूमि पर पट्टे प्राप्त

(Write above this line only)

5. राजस्थान के प्रमुख उत्पाद जिनको अगस्त 2023 में जी.आई. टैग प्रदान किए गए हैं, के सह स्थान/क्षेत्र नाम लिखिए-
**Major products of Rajasthan which will get GI in August 2023. Tags are provided, write the name of the place/area.**

1½

उस्ताकला (बीकानेर)
मथैरण कला (बीकानेर)
नाथद्वारा पिछवाई (राजसमन्द)
काशीदेकारी (जोधपुर) (उदयपुर)
जोधपुरी बंधेज

(Write above this line only)

**Samyak**
An Institute For Civil Services



Part – B (10 Marks)

भाग - ब (10 अंक)

Note : Attempt all questions. Answer the following questions in 50 words each. Each Question carries 5 marks.

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 50-50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं। 2

1. अधिकार की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए पूर्ण अधिकारों व संयोजित अधिकारों में अन्तर उल्लेखित कीजिए-
Explaining the concept of rights, mention the difference between absolute rights and conditional rights.

अधिकार :- यह विधि द्वारा प्राप्त व्यक्ति को कुछ हक होते हैं जो उसकी स्वतन्त्रता को सुनिश्चित करते हैं।

पूर्ण अधिकार :- अधिकार के साथ कर्त्तव्य न होना।

संयोजित :- कर्त्तव्यो का अधिकार के साथ होना।

डाय ग्राम तथा प्रस्तुती करन स्पष्ट

(Write above this line only)

2. निम्न पर टिप्पणी लिखिए-
Write comment on the following–
1. विशाखा दिशा निर्देश/Vishakha Guidelines
2. गुरुत्तर लैंगिक प्रवेशन हमला/Aggravated Penetrative Sexual Assault

$1\frac{1}{2}$

① यह कार्यस्थल पर घरेलु हिंसा से सम्बन्धित कानून हैं जो 1998 में सर्वोच्च न्यायालय ने दिया था

1997

1

② किसी सरकारी पद पर कार्यरत व्यक्ति द्वारा किसी व्यक्ति के भी निजी अंगों को छुना या उससे ऐसा कृत्य करवाना गुरुत्तर लैंगिक प्रवेशन हमला।

वर्ष 2012 में लैंगिक प्रवेशन

(Write above this line only)